News सिटी चीफ
वर्ष-15, अंक-203
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

आज का विचार
ये दुनिया है यहाँ सबको सब कुछ नजर आता है, सिवाय अपनी गलतियों के!

# बिहार सिटी चीफ



बिहार, सोमवार, 28 अक्टूबर 2024
सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

गंगा पर एक और मेगा ब्रिज बनकर तैयार

## पटना से बेगूसराय जाना होगा आसान, अब बचा है सिर्फ एक काम



**पटना.** पटना से बेगूसराय और उससे आगे जाने वाले लोगों के लिए अच्छी खबर है। गंगा के ऊपर पटनाजिले में एक और मेगा ब्रिज बनकर तैयार हो गया है। यह मेगा ब्रिज मोकामा स्थित राजेंद्र सेतु के समानांतर औंटा से सिमरिया के बीच बना है।

इस पुल की निर्माण लागत 1161 करोड़ रुपये है।

एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी के अनुसार, इस छह लेन वाले पुल के ऊपर गडर रखने का काम दो दिन पहले पूरा कर लिया गया है। इस पुल का निर्माण कार्य पूरा हो जाने से पटना से बेगूसराय और फिर उसके आगे निर्बाध संपर्कता संभव हो सकेगी।

**बख्तियारपुर-मोकामा ग्रीन फील्ड सड़क का है यह हिस्सा**

औंटा-सिमरिया छह लेन पुल बख्तियारपुर से मोकामा के बीच बन रहे ग्रीन फील्ड फोर लेन सड़क का हिस्सा है। इस सड़क के बड़े हिस्से का निर्माण कार्य पूरा हो गया है।

बख्तियारपुर में आरओबी का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद निर्बाध परिचालन

पटना से मोकामा के बीच निर्बाध संपर्कता को केंद्र में रख इस प्रोजेक्ट को मंजूरी मिली थी। पर बख्तियारपुर में सड़क के आरंभ होने के ठीक पहले एक आरओबी का निर्माण कराया जाना है। आरओबी के नहीं बन पाने की वजह से इस ग्रीन फील्ड सड़क को बख्तियारपुर से संपर्कता नहीं मिल पा रही है।

एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि रेलवे से आरओबी के निर्माण को अनुमति मिल गयी है। आरओबी के लिए गडर रखने का काम आरंभ होना है। ऐसी उम्मीद है कि मार्च तक आरओबी का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा।

**इस प्रोजेक्ट का फायदा**

इस प्रोजेक्ट को एक साथ कई जिलों को फायदा होगा। पटना से बख्तियारपुर के बीच फोर लेन सड़क पहले से उपलब्ध है। अभी बेगूसराय की ओर जाने के लिए पुराने एनएच और जर्जर राजेंद्र सेतु से गुजरना पड़ता है। नियमित रूप से इस इलाके में जाम रहता है। पुल और बख्तियारपुर में आरओबी के निर्माण से यह समस्या खत्म हो जाएगी। नालंदा जिले की तरफ से आने वाले वाहन को बेगूसराय के लिए इससे सीधी संपर्कता मिल सकेगी। भागलपुर की तरफ से आने वाले वाहन को भी सहजता होगी।

अब पुल के फीनिशिंग पर काम

एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि औंटा-सिमरिया पुल पर गडर रखने का काम पूरा हो जाने के बाद अब उसके फीनिशिंग पर काम आरंभ हुआ है। इसे भी मार्च के पहले पूरा कर लिया जाएगा।

## छह कट्ठा ,जमीन को लेकर दो गुटों में खूनी संघर्ष, एक की मौत

**समस्तीपुर.** समस्तीपुर में दो गुटों आपस में भिड़ गए। इस घटना में पिता की मौत हो गई, जबकि भाई और पुत्र के अलावा दो अन्य लोग जख्मी हो गए। सभी जख्मी का उपचार पीएमसीएच में चल रहा है। मृतक की पहचान अमदीपुर धमौन के सुबोध राय के रूप में की गई है, जबकि उनके भाई प्रमोद राय और पुत्र गांधी राय को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं दूसरे पक्ष से दिनेश राय और लालू राय जख्मी हैं। घटना पटोरी थाना क्षेत्र के अमदीपुर धमौन गांव की है।

**छह कट्ठा जमीन को लेकर था विवाद**

घटना के संबंध में परिजनों का कहना है कि दिनेश राय और सुबोध राय के बीच छह कट्ठा जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। दोपहर में जमीन की आरी तोड़ने को लेकर विवाद हो गया। इस घटना में दोनों ओर से लाठी डंडा चलने लगे। इस दौरान दिनेश राय के लोगों ने एक दूसरे पर रॉड आदि से भी प्रहार किया। इस घटना में सुबोध के साथ ही दिनेश राय, प्रमोद राय, गांधी, दिनेश व लालू घायल हो गये, जिनको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन स्थिति गंभीर होने की वजह से सभी घायल लोगों को बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान देर शाम सुबोध राय की मौत हो गई। सुबोध की मौत की सूचना



मिलते ही परिवार के सदस्यों के बीच कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पटोरी के डीएसपी भी घटनास्थल पर पहुंचे और छानबीन में जुट गए। परिजनों ने बताया कि सोमवार को पटना में पोस्टमार्टम के बाद शव पटोरी पहुंचेगा।

**पुलिस कर रही आवेदन मिलने का इंतजार**

पटोरी के डीएसपी बीके मेधावी ने बताया कि सुबोध राय और दिनेश राय के बीच विवाद जमीन की मेड़ बांधने को लेकर हुआ था, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच मारपीट की घटना हो गई। बाद में परिवार के लोग इलाज को सुबोध को लेकर पीएमसीएच गए जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस मामले में अभी परिवार की ओर से आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलते ही मामले की जांच कर आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा।

दिवाली-छठ पर यूपी-बिहार जाने वालों का हाल बेहाल...

## मुंबई-सूरत हर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़

**पटना.** हर साल दिवाली-छठ के पर्व पर लाखों लोग अपने घर जाते हैं, इसको देखते हुए रेलवे की तरफ से कई स्पेशल ट्रेनें चलाई जाती हैं. कई स्पेशल ट्रेनें चलाने के बाद भी कई लोगों को कंफर्म टिकट नहीं मिल पाता. इसके बावजूद लोग किसी न किसी तरीके से अपने घर जाते हैं. इन दिनों रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की काफी भीड़ होती है. सूरत के उधना रेलवे स्टेशन पर रविवार को असामान्य रूप से भारी भीड़ देखी गई. कपड़ा और हीरा उद्योग में लगे सैकड़ों श्रमिक दिवाली और छठ पूजा के लिए बिहार और उत्तर प्रदेश में अपने घर जा रहे थे. सूरत में जो दृश्य देखने को मिला, वह कुछ हद तक मुंबई के बांद्रा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की खतरनाक भीड़ जैसा था, जहां भगदड़ मचने से 10 लोग घायल हो गए थे.

**कई स्पेशल ट्रेनों के बाद भी बढ़ रही भीड़**

अधिकारियों ने बताया कि रेलवे अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश और बिहार के लिए विशेष ट्रेनें चलाने की व्यवस्था की है और रविवार को उधना से उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के लिए एक नई ट्रेन जोड़ी गई है. एक अधिकारी ने बताया कि इन दिनों भारी भीड़ को देखते हुए सुचारू संचालन



सुनिश्चित करने के लिए बिहार और उत्तर प्रदेश के लिए ट्रेनों को शहर के तीन रेलवे स्टेशनों- सूरत, उधना और भेस्तान से रवाना किया गया है.

**प्लेटफार्मों पर राजकीय रेलवे पुलिस तैनात**

अधिकारी ने कहा कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्लेटफार्मों पर राजकीय रेलवे पुलिस को तैनात किया गया है, क्योंकि लोग अपने गंतव्यों के लिए ट्रेनों में चढ़ने के लिए बड़ी संख्या में आ रहे हैं. उन्होंने बताया कि सूरत रेलवे स्टेशन से यूपी और बिहार के लिए 30 ट्रेनें रवाना हो रही हैं, उधना से 18 और भेस्तान से सात ट्रेनें रवाना हो रही हैं. अधिकारियों ने बताया कि इनमें से कई ट्रेनें साप्ताहिक हैं और कुछ ट्रेनें सप्ताह में दो, तीन और यहां तक कि पांच बार रवाना होती हैं. इस बीच, पश्चिमी रेलवे ने एक प्रेस रिलीज में कहा कि वह इस मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए अतिरिक्त त्योहार विशेष ट्रेनें चला रहा है. इनमें से एक उधना और गोरखपुर के बीच रविवार से जोड़ी गई है. सूरत में हीरा और कपड़ा उद्योग में लगे कई श्रमिक छठ पूजा और दिवाली के लिए बिहार और उत्तर प्रदेश में अपने गृहनगर जाते हैं. नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि रविवार की सुबह मुंबई के बांद्रा रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मचने से कम से कम दस लोग घायल हो गए. यह भगदड़ उस समय हुई जब सैकड़ों लोग दिवाली और छठ पर्व के लिए अपने गृहनगर जाने के लिए गोरखपुर जाने वाली ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहे थे.

## शारदा सिन्हा की हालत नाजुक, AIIMS में वेंटिलेटर पर किया शिफ्ट

**पटना.** पद्म भूषण से सम्मानित और प्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा की तबीयत 26 अक्टूबर, 2024 दिन शनिवार को अचानक खराब हो गई, जिसके बाद उन्हें दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है. हाल ही में मिली जानकारी के अनुसार, उनकी हालत और खराब हो गई है, जिसके चलते डॉक्टरों ने उन्हें वेंटिलेटर पर शिफ्ट कर दिया है और उनकी हालत बहुत गंभीर बनी हुई है.



बताया जा रहा है कि शारदा सिन्हा कई दिनों से एम्स में इलाज करा रही थीं. स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा शारदा सिन्हा का हालचाल जानने के लिए एम्स दिल्ली पहुंचे. शनिवार रात अचानक अस्पताल पहुंचे थे. उन्होंने अस्पताल के अधिकारियों के साथ शारदा सिन्हा के इलाज की समीक्षा की. उन्होंने एम्स निदेशक से उनकी देखभाल के बारे में जानकारी जुटाई और बेहतरीन इलाज व्यवस्था मुहैया कराने के महत्व का जिक्र किया. स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शारदा सिन्हा के बेटे अंशुमान से भी उनकी मां के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली.

शारदा सिन्हा पिछले काफी समय से खाने-पीने की दिक्कतों से जूझ रही थीं, जिसके लिए उनका इलाज चल रहा था. साल 2017 से सिन्हा मल्टीपल मायलोमा, एक तरह के बोन मैरो कैंसर से जूझ रही हैं. हालांकि, 26 अक्टूबर की सुबह उनकी हालत काफी बिगड़ गई, जिसके कारण उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा. सूत्रों के अनुसार, उनके पति की मृत्यु के बाद से ही उनका स्वास्थ्य नाजुक था, जिनकी मृत्यु ब्रेन हेमरेज से हुई थी. शारदा सिन्हा अक्सर अपने पति के बारे में अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करती थीं, रिपोर्ट्स से पता चलता है कि वह अपने पति के जाने से बहुत दुखी हैं.

## ज्यादा इधर-उधर किया तो रेस्ट इन पीस कर देंगे....पप्पू यादव को लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने दी जान से मारने की धमकी

बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को जान से मारने की धमकी मिली है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गों ने उन्हें यह धमकी दी है। पप्पू यादव ने इसकी शिकायत पूर्णिया रेंज के डीआईजी, एसपी के अलावा डीजीपी को भी शिकायत की है। बताया जा रहा है कि पप्पू यादव को यूएई के किसी नंबर से कॉल करके धमकी दी गई है। धमकी देने वाला खुद को लॉरेंस गैंग का सदस्य बता रहा है। उसने वाट्सएप के माध्यम से कॉल कर हत्या की धमकी दी है। यह धमकी भरा कॉल करने वाले का दावा है कि वह लगातार पप्पू यादव के कई ठिकानों की रेकी कर रहा है और उसे जान से मार डालेगा। उसका कहना है कि लॉरेंस बिश्नोई जेल में एक लाख रुपए प्रतिघंटा देकर जैमर बंद करवाकर पप्पू यादव से बात करने की कोशिश कर रहा है लेकिन पप्पू यादव फोन नहीं उठा रहा है। इसके अलावा झारखंड के जेल में बंद गैंगस्टर अमन के करीबी मयंक ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके पप्पू यादव को धमकी दी है। मयंक सिंह नाम के फेसबुक अकाउंट से 26 अक्टूबर को किए गए पोस्ट में लिखा है कि समाचार पत्रों के जरिए जानकारी मिली है कि बीते दिनों बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव उर्फ राजेश रंजन द्वारा लॉरेंस भाई के बारे में उल्टा-पुल्टा बयान दिया गया था। गैंगस्टर के करीबी ने आगे लिखा कि मैं पप्पू यादव को स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि तुम अपनी औकात में रहकर चुपचाप राजनीति करो, ज्यादा इधर उधर तीन-पांच करके टीआरपी कमाने के चक्कर में मत पड़ो।

लालू-तेजस्वी की मौजूदगी में ली सदस्यता

## शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब RJD में शामिल



**पटना.** राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व सांसद शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब रविवार को लालू और तेजस्वी यादव की मौजूदगी राजद में शामिल हुए। ओसामा शहाब के साथ उनकी मां हिना शहाब भी आरजेडी में शामिल हुई हैं।

तेजस्वी यादव ने ओसामा और उसकी मां के आरजेडी में शामिल होने के बाद मीडिया से कहा -राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू जी ने स्वर्गीय शहाबुद्दीन जी की धर्म पत्नी हिना शहाब और उनके पुत्र भाई ओसामा को अपने नेतृत्व में दोनों लोगों को सदस्यता दिलाई है। हजारों की संख्या में उनके समर्थकों को भी पार्टी की सदस्यता ली है।

तेजस्वी ने कहा कि ओसामा और उनकी मां के पार्टी ज्वॉइन करने से सिवान के साथ-साथ पूरे बिहार में पार्टी को मजबूती मिलेगी। जिस तरह से फिरकापरस्त शक्तियों को नीतीश जी के राज में बीजेपी को फलने फूलने दिया गया, जहां नफरत की बात की जा रही है उस दौर में जरूरी है कि हम सब एकजुट होकर सांप्रदायिक शक्तियों का सामना करें। तेजस्वी ने कहा कि फिरकापरस्त शक्तियों का मंसूबा है भाई से भाई को लड़ाओ, नफरत फैलाओ। तेजस्वी ने कहा किबांटने का जो लोग काम कर रहे हैं इसके खिलाफ हम लोग मजबूती से एकजुट हैं।

गिरिराज सिंह के बयान पर तेजस्वी यादव ने कहा, %नकारात्मक बात करना अच्छा लगता है, इसका कोई मतलब है, उनके कहने का कोई अर्थ है, कोई वैल्यू है क्या? आप देखिएगा इनलोगों का काम है नफरत फैलाना, जहर फैलाना, भारी ठेकेदार बने हुए लोग हैं, इन लोगों के बोलने से कोई फर्क नहीं पड़ता। ओसामा के चुनाव लड़ने के सवाल पर तेजस्वी ने कहा कि यह फैसला पार्टी करेगी। चुनाव लड़ना है तो लड़ना ही चाहिए इसमें क्या है? वहीं ओसामा ने मीडिया से कोई बात नहीं की।